# नारी सशक्तिकरण की मिसाल बनीं अहिल्याबाई होलकर

## शिक्षा, साहित्य और कला को दिया प्रोत्साहन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मां अहिल्याबाई होल्कर जिन्हें न्याय धर्म और सामाजिक सुधारो के लिए जाना जाता है मालवा साम्राज्य की महारानी मां अहिल्याबाई होल्कर राजनीति कूटनीति एवं युद्ध कला में निपुण थीं। उन्हें न्याय की देवी कहा जाता है।। अपनी प्रजा के लिए हमेशा दया और स्नेह भाव था। इसी न्यायप्रियता के कारण जनता उन्हें मां और देवी से संबोधित करने लगी थी इसीलिए इन्हें राजमाता के साथ साथ हम लोकमाता भी कह सकते हैं।

उन्हें एक बिंदु से विराट तक हम इस प्रकार देख सकते हैं कि 31 मई 1725 को एक साधारण परिवार में जन्म लेने वाली अहिल्याबाई होल्कर का विवाह प्रसिद्ध सूबेदार मालेराव होलकर के पुत्र खांडेराव के साथ हुआ था। पति की मृत्यु के पश्चात शासन को संभाला राज्य की जिम्मेदारी उठाई और कुशल शासक के रूप में अपनी पहचान बनाई।

शिक्षा एवं कला को बढ़ावा दिया नारी सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मां अहिल्याबाई होलकर को संस्कृति, कला, शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए जाना जाता है। अपने शासन के दौरान हिमालय से लेकर दक्षिण भारत तक तीर्थ स्थानो



पर उन्होंने कुएं, बावड़ी एवं धर्मशालाओं का निर्माण करवाया था। बद्रीनाथ, पुरी, द्वारका ओंकारेश्वर, उज्जैन , रामेश्वरम मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए इनका विशेष योगदान रहा है। 1780 में काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरुद्धार करवाया था वहां अनेक घाटों का निर्माण करवाया था।

अयोध्या ,मथुरा व कांची मंदिरों का सौंदर्य करण करवाया । यह देश ही नहीं बल्कि उनकी कीर्ति विदेश में भी फैली हुई थी ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयास द्वारा इन्हें ''द फिलोसोफर क्वीन'' की उपाधि दी गई थी। हमारे भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण करते समय अपने उद्बोधन में मां अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया है उनकी प्रतिमा यहां स्थापित की गई है। और उनकी प्रेरणा से आज नरेंद्र मोदी के द्वारा भी प्राचीन मंदिरों का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

अयोध्या में राम मंदिर बनाने का सपना मोदी सरकार में ही पूरा हो पाया है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण, सोमनाथ मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, केदारनाथ मंदिर का सौंदर्यकरण एवं यहां आदि गुरु शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण मोदी सरकार द्वारा किया गया है। चार धाम परियोजना चलाई गई है जिससे श्रद्धालुओं के लिए चार धाम यात्रा अत्यंत सुविधा जनक हो चुकी है। हैदराबाद में संत रामानुजाचार्य की 216 फीट ऊंची प्रतिमा बनवाई है जो हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है। नरेंद्र मोदी अहिल्या बाई होलकर को अपना आदर्श मानते हैं।

# देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर जी की 300वां जयंति वर्ष के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, पूर्व राज्यसभा कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्याति काकोड़िया ने उद्घाटन कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तत्पश्चात् देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म को देखा गया।



कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हरि प्रताप ममार, जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, डॉ.अनंत दुबे, जिला संयोजक सोशल मीडिया श्रीकांत श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निाा सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अबरार मंसूरी, मंडल अध्यक्ष नगर करेली जितेंद्र स्वामी, कमलो कौरव, नगर महामंत्री रचना वर्मा, मयंक जैन, सरवरी सिद्धकी, वैभव श्रीवास्तव, अमन चौरसिया, संजय नामदेव, हेमराज यादव, राजा साहू, सकुन नामदेव, केशवी कुशवाहा सहित भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया कलेक्टर नरसिंहपुर को सम्मानित




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 100 दिवसीय नि- क्षय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले को सम्मानित किया। इसके साथ ही जिले की टीम को भी सम्मानित किया। राजभवन, भोपाल के सांदीपनि सभागार में आयोजित 100 दिवीसय नि- क्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविरों के दौरान जिले में कुल 3 हजार 575 शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों के माध्यम से 38 हजार 646 लोगों के सैंपल, 37 हजार 337 टेस्ट और 18 हजार 410 लोगों के एक्स-रे लिये गये।

### रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी, आईटीईएस विषय के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के 20 दिवसीय रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण अंजनी कंप्यूटर एजुकेशन चीचली में संपन्न हुआ। इस



प्रशिक्षण में संस्था के संचालक वृन्देश ताम्रकार द्वारा प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को संस्था में चल रहे कोर्स, ऑनलाइन विभिन्न कार्य यथा फॉर्म अपलोड, इंटरनेट के माध्यम से आधार कार्ड डाउनलोड, लेमिनेशन कार्य, फोटोकॉपी , बिजली बिल का भुगतान, आधार कार्ड जनरेट, पासपोर्ट साइज फोटो निर्माण, कंप्यूटर नेटवर्क संबंधित एचटीएमएल टैग का उपयोग, एक्सेल शीट पर वर्क इत्यादि अनेक कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण व्यावसायिक प्रशिक्षक सरफराज मोहम्मद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में विद्यालय प्राचार्य भूपेश ठाकुर, व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार शिक्षको भारत ताम्रकार, विनीत नामदेव का सहयोग प्राप्त हुआ।

### आज निकाली जाएगी शौर्य सम्मान यात्रा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नृशंस हमला किया गया, जिसमें मासूम नागरिकों की जानें गई। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में इस आतंकवादी हमले को करारा जवाब दिया है, जिसमें मातृशक्तियों का विशेष योगदान रहा। देश के इस वीरतापूर्ण कदम का समर्थन करने हेतु नरसिंहपुर में शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन आज 22, मई को किया जा रहा है,जिसमें यात्रा शाम बजे से राम मंदिर तिलक वार्ड कंदेली से प्रारंभ होकर नगर की मेन रोड सिंहपुर चौराहा पुराने बस स्टैंड से होते हुए सुभाष पार्क में प्रबोधन के साथ संपन्न होगी। शौर्य सम्मान आयोजन समिति नरसिंहपुर द्वारा नगर एवं आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के सभी भगिनियों एवं बन्धुओं से यात्रा में शामिल होने हेतु आवाहन किया गया है।

# ऊर्जा विभाग की लापरवाही से मूंग की फसल खराब

**गाडरवारा, देशबन्धु।** ऊर्जा विभाग की लापरवाही विद्युत ट्रांसफार्मर एवं समय पर लाइट न मिलाना। ऐसी समस्याएं आए दिन सामने आ रही है। जिसका प्रभाव सीधा कृषि उपभोक्ता किसानों को हो रहा है। समय पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध न होने के कारण फासले सिंचाई के अभाव में पूरी तरह से खराब और उत्पादन में गिरावट आ रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है।

भाजपा नेता पवन पटेल ने बताया है कि ग्राम पंचायत गंगई ब्लॉक चावरपाठा जिला नरसिंहपुर के पीड़ित किसानों की शिकायत मिलने पर उन्होंने पूरे मामले की एक लिखित शिकायत ईमेल के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश और जिले के उच्च अधिकारियों को प्रेषित की है।

शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि कृषि विद्युत 100 केवी का ट्रांसफार्मर फेल खराब हो जाने के कारण 12 पीड़ित किसानों की लगभग 70 से 80 एकड़ की मूंग एवं अन्य फैसले खराब हो गई है। पीड़ित किसानों ने बताया है कि ऊर्जा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने समय पर कृषि विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया। जिससे सिंचाई के अभाव में उनकी फसले खराब हो गई।

स्थानीय ऊर्जा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से लगातार संपर्क करने पर पीड़ित किसानों को बताया जाता था कि ग्राम के एक अन्य कृषि उपभोक्ता किसान का बिल बकाया है। उसका बिल भुगतान करवाए। तब कृषि विद्युत ट्रांसफार्मर 100 केवी दिया जाएगा। किसानों ने बताया कि उनके ट्रांसफार्मर का उपभोक्ता वह नहीं है। फिर भी उन्हें 20 दिनों से परेशान किया गया। पूर्व से उनके बिजली बिल जमा है। रीसेंट के बिल भी कुछ जमा है। विद्युत ट्रांसफार्मर न मिलने के कारण खेतों में पानी की सिचाई नहीं हो पाई है। जिससे मूंग एवं अन्य फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। स्थानीय ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसान परिवारों की फसल खराब होने से बहुत बुरा हाल है।

पीड़ित किसानों का कृषि विद्युत ट्रांसफार्मर 20 दिनों से खराब है और गाडरवारा के ऊर्जा विभाग के स्टोर में जमा है। शिकायत पत्र का अवलोकन कर ऊर्जा विभाग के जिम्मेदार अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाए। खेतों का सर्वे कर मूंग एवं अन्य फसलों की क्षतिपूर्ति पीड़ित किसानों को दी जाए।ताकि वह अपना जीवन यापन खुशहाली से व्यतीत कर सके।

## जल संरक्षण व संवर्धन की दिलाई शपथ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में सखिमिलन महिला संघ द्वारा जिले की ग्राम पंचायत इमलिया में जल संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान सभी को जल का सदुपयोग करने और दुरूपयोग रोकने की शपथ दिलाई। ब्लॉक समन्वयक श्रीमती माधवी पाठ ने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में हम सभी को जल का उपयोग करने और गांव में जल का दुरूपयोग को रोकने के लिए जागरूकता लानी होगी। उन्होंने जल की उपयोगिता को विस्तार से बताया। इस अवसर पर नवांकुर सखिमिलन महिला संघ समन्वयक मीनू मण्डलोई, परामर्शदाता और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# अवैध मादक पदार्थों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में थाना गाडरवारा पुलिस को मिली बड़ी सफलता,अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखे 02 आरोपीगण से 1 लाख 60 हजार रूपये कीमत की करीबन 14 ग्राम स्मैक बरामद कर दो आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया।

इसी तारतम्य में थाना गाडरवारा पुलिस की अलग-अलग टीमों के द्वारा मंगलवार को 02 आरोपीगण से पृथक-पृथक अवैध मादक पदार्थ कुल 14.1 ग्राम स्मैक कीमती करीबन 1.65 लाख रूपये की बरामद की जाकर आरोपीगण को गिरफ्त में लिया गया है। विगत मंगलवार को शाम करीबन साढ़े चार बजे गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा गोल्डन सिटी गाडरवारा से संदेह के आधार पर संदेही सुनील पिता महादेव मेहरा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बनवारी थाना सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 6.24 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 60 हजार रूपये है, जप्त किया गया ।

इसी प्रकार विगत मंगलवार को ही रात करीबन 9 बजे एक अन्य पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल गोची कुआँ हनुमान मंदिर के सामने साईखेड़ा रोड गाडरवारा के पास से संदेह के आधार पर संदेही पुरुषोत्तम उर्फ फद्दू राजपूत पिता गनेश राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 7.86 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 1 लाख 5 हजार रूपये है, जप्त किया गया । प्रकरण में जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी पुरुषोत्तम उर्फ फद्दू राजपूत के द्वारा उक्त स्मैक कुछ दिन पूर्व अपने अन्य साथी से लाना बताया।

दोनों आरोपीगणो के विरुद्ध पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाकर आरोपीगण के विरूद्ध थाना गाडरवारा में एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नरसिंहपुर की 1857 क्रांति के नायक रहे राजा डेलन शाह

**करेली, देशबन्धु।** जनजाति नायक वीर गोंड राजा डेलन शाह नरसिंहपुर जिले के 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नेतृत्वकर्ता रहे। 13 अगस्त 1802 में राजा विश्राम शाह के यहाँ जन्में डेलन शाह के पास चांवरपाठा परगने की रामगढ़ रियासत थी। इस



रियासत की राजधानी ढिलवार मदनपुर थी जो डेलन शाह के ही नाम पर ही थी जो बाद में अपभ्रंश हो गई। यह विचार वनस्वर वनवासी कल्याण आश्रम के सृजनेश सिलाकारी ने राजा डेलन शाह के बलिदान दिवस के पुण्य स्मरण पर व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि डेलन शाह 1842-43 के बुंदेला विद्रोह में भी शामिल रहे। राजा डेलन शाह के बेटे कुंवर रघुराज शाह भी अंग्रेजों से लड़ते हुये 17 जनवरी 1858 को बलिदान हो गये। श्री सिलाकारी ने बताया कि सन् 1818 से डेलन शाह और अंग्रेजों के बीच संघर्ष के प्रमाण मिलते हैं। उन्होंने चौरागढ पर हमला कर दिया जो अंग्रेजों का ठिकाना था । उन्होंने चौरागढ के आसपास के क्षेत्रों में घूम घूम कर लोगों को जागरुक किया और स्वतंत्रता की अलख जगायी।

चीचली के राजा नरवर शाह के साथ आस-पास के राजाओं को संगठित कर तेंदूखेड़ा व अन्य स्थानों पुनः अपना शासन उन्होंने स्थापित किया। अंग्रेजों ने इन पर

## बलिदान दिवस पर किया पुण्य स्मरण

ईनाम की राशि दोगुना कर 1000 रुपये कर दी थी। ब्रिटिश हुकूमत ने इनके परिवार को भी खत्म कर दिया था। भेदियों के कारण इन्हें बंदी बना लिया गया और तेंदूखेड़ा में 16 मई 1858 को बरगद के पेड़ पर फाँसी पर लटका दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जनजाति नायक डेलन शाह के चित्र पर पुष्पार्पण, तिलक व द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। संचालन कर रहे वनस्वर के जिला संयोजक सौरभ सोनी ने कहा कि संस्था द्वारा स्थानीय जनजाति नायक जिनका इतिहास में समुचित स्थान नहीं है ,उन पर शोध कर ,जानकारी जुटाकर प्रकाशन की कार्ययोजना पर कार्य चल रहा है। इस अवसर पर संस्था के दीपक कोल, श्रीमती उमा एस. द्विवेदी, रोहित नामदेव, यशस्विन स्वामी,श्रेयांश द्विवेदी, श्रीश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# याद किए गए राजीव गांधी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय झंडाचौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव जी का नाम रहेगा नारे लगाकर उनके योगदान को याद किया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एच व्ही रफीक ने राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी को संचार क्रांति का जनक कहा जाता है वह 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बन गए थे। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया। 21 मई आज ही के दिन आत्मघाती हमले में देश की एकता अखंडता के लिए राजीव गांधी ने अपने प्राण निछावर किए थे। ऐसे महान नेता को सदैव याद किया जाएगा।

ब्लाक कांगेस अध्यक्ष जिनेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि युवाओं को 18 साल का मताधिकार का तोहफा राजीव गांधी की देन है। देश के विकास में राजीव जी का महत्वपूर्ण योगदान है राजीव गांधी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ट कांग्रेस नेता सुरेंद्र पटेल मझले भैया, रमेश अर्ग्रवाल, डॉक्टर उमाशंकर दुबे, शिवकुमार नीखरा, के जी आजाद ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह देश के महान सपूत थे।

महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष संगीता जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पटेल, उमा गुप्ता, मुकेश गुप्ता बंटू, राजीव दुवे, अभिषेक पटेल मेहमूद पहलवान, सर्वेश्वर पांडे मोनू ने भी राजीव जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजीव जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कांगेस उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करेगी।

## ब्लाक कांग्रेस ने अपने नेता को की श्रद्धांजलि अर्पित



इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष उमेश नीरस, सबिता सेन ,मधु साहू, सत्यवती चौधरी, मुस्तान खान, सतीश सैनी, विनोद ठाकुर, अनिल साहू, अनिल सोनी, राजेश नीरस, राकेश जायसवाल, कपिल नीखरा, चंदन साहू , तिलक चौहान, आयुष जैन, राधेश्याम सराठे, टिंगू राजपूत, कन्हैया श्रीवास, शिवकुमार कौरव, रामगोपाल सराठे, केके कौरव, बालाराम जाटव, मधुकांत पटेल सहित ब्लाक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, आईटी सेल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने राजीव गांधी को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री सतीश सैनी ने किया ।

# तीन मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में ड्रग इंस्पेक्टर नरसिंहपुर तथा थाना गाडरवारा पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा मेडिकल स्टोर्स का किया औचक निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि ड्रग इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार जैन एवं थाना गाडरवारा पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दवाओं को नशे के रूप मैं उपयोग किये जाने की शिकायतों के चलते ग्राम कौड़िया स्थित 03 मेडिकल स्टोर्स क्रमशः नितिन मेडिकल स्टोर्स, माँ बीजासेन मेडिकल स्टोर, एवं गोस्वामी मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान उपरोक्त मेडिकल स्टोर्स के रिकार्ड एवं उपलब्ध नारकोटिक्स दवाओं के क्रय, विक्रय रिकॉर्ड की जांच की गयी। मेडिकल स्टोर में अनियमितता पाये जाने पर मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किये जा रहे हैं। उक्त नोटिस का जबाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में उक्त मेडिकल स्टोर को स्वीकृत अनुज्ञप्तियाँ निलंबित या निरस्त की जा सकेगी।

इसी प्रकार उक्त संयुक्त टीम के द्वारा गाडरवारा के मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर में औषधियों का रिकॉर्ड की जांच की गयी तथा सम्पूर्ण रिकॉर्ड एवं गाडरवारा स्थित तीन दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त कार्यवाही में ड्रग इंस्पेक्टर नरसिंहपुर देवेन्द्र कुमार जैन, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम रजक एवं थाना स्टॉफ मौजूद रहा । संयुक्त टीम के द्वारा सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिपशन के किसी भी व्यक्ति को दवाएँ, इन्जेक्शन, सीरिंज एवं प्रतिबंधित दवाएँ ना देने के संबंध में हिदायत दी गई ।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए